
सात दिवसीय विशेष शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना
विधिक साक्षरता शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय
इंदरू केंवट कन्या
महाविद्यालय
कांकेर (छ.ग.)
विश्व एड्स दिवस
01 दिसम्बर
शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रेड रिबन क्लब
रक्तदान, एड्स/एचआईवी जागरूकता
रक्तदान जीवन दान !
प्रो. अजय कुमार पटेल
रेड रिबन क्लब


कार्यालय
ग्राम पंचायत शाहवाड़ा
राष्ट्रीय सेवा योजना


विशिष्ट अतिथि
मुख्य अतिथि
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
इं.के.कन्या महाविद्यालय
रेड रिबन क्लब
रक्तदान,एड्स/एचआईवी जागरूकता


युवा प्रेरणा कार्यक्रम


विश्व एड्स दिवस
World AIDS Day
Dec 1
AIDS CONTROL
जन्तु विज्ञान 2


विश्व एड्स दिवस
आपका
GGCK-13-14


WaterAid
“माहवारी स्वच्छता
किशोरी बालिका
दिनांक: 04-12-2017 स्थान:
जिला प्रशासन,


WaterAid
स्वच्छता प्रबंधन”
सम्मेलन
GGCK 1314


सात दिवसीय विशेष शिविर
युवा सूचना क्रांति योजना
कम्प्यूटर टेबलेट वितरण कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना








राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय
स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन


नेहरू युवा केन्द्र, कांकेर
आपका हार्दिक स्वागत


SAY NO to PASTIC
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर (छ.ग.)
स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन
इंटर्नशीप कार्यक्रम 2018
नोडल अधिकारी प्रो. अजय कुमार पटेल
मोर गांव
सुघ्घर गांव
हरियर गांव

# स्वयं सेवा के माध्यम से अनुभव और ज्ञान से रोजगार क्षमता में होती है वृद्धि : पटेल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कांकेर.** यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस द्वारा छत्तीसगढ़ में कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभाव को दूर करने के लिए महिलाओं और बच्चों की सहायता कर रही है। ब्लू ब्रिगेड कैम्पेन से जुड़कर इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर की एनएसएस वालंटियर्स लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जागरुकता कार्यक्रम के अधिकारी अजय कुमार पटेल ने बताया कि युवाओं की आवाज बुलंद करने और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने का यह



एक मंच बनेगा। स्वयं सेवा के माध्यम से प्राप्त अनुभव और ज्ञान से इन स्वयंसेवकों में रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बच्चों और परिवारों को टीकाकरण, स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं, स्वच्छता और समुदाय में बच्चों के सीखने की निरंतरता जैसी आवश्यक सेवाओं में मदद मिलेगी। स्वयंसेवक प्रत्यक्ष रूप से और सोशल मीडिया के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। इसी अभियान के तहत स्वयंसेवक जमुना साहू ग्राम कोकड़ी, चेष्टा सोनी कांकेर, येमलता पटेल ग्राम कोटेला और शिवरानी शोरी ग्राम बाबू सल्हेटोला में छोटे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर गांव में शिक्षा की रोशनी बढ़ा रही हैं। स्वच्छता एवं पोषण के क्षेत्र में हीना साहू, गीतिका साहू, ओम्बिका रामटेके, चेष्टा सोनी, अंजू नेताम, दुर्गेश्वरी मरकाम सराहनीय योगदान दे रही हैं। वहीं स्वास्थ्य व खाद्य प्रदर्शनी में कीर्तिका साहू, आकांक्षा, धर्मेश्वरी, आंचल, मीनाक्षी, वैशाली आदि खेल तथा फिटनेस के क्षेत्र में निशा कुरेटी, रतुला आचले अपना सहयोग दे रही हैं। डॉ. सीआर पटेल प्राचार्य, डॉ. डीएल पटेल कार्यक्रम समन्वयक बस्तर विश्वविद्यालय, डॉ. आएशा कुरैशी जिला संगठक रासेयो ने स्वयंसवेकों की सराहना किया।



# वर्ल्ड हार्ट-डे पर लोगों को हृदय रोग से सजग रखने छात्राओं ने चलाया जागरुकता अभियान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**कांकेर.** फूड एंड न्यूट्रिशन शाखा शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ पोषण माह के तहत वर्ल्ड हार्ट-डे के अवसर पर सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. समरेंद्र सिंह राज्य एनएसएस अधिकारी एवं पदेन उपसचिव उच्च शिक्षा विभाग छग नवा रायपुर के निर्देशन तथा प्राचार्य डा. सीआर पटेल के संरक्षण में यूज हार्ट टू बीट कार्डियोवस्कुलर डिजीज थीम पर हृदय रोगों के प्रति जागरूकता लाने एनएसएस के स्वयंसेवक गांव एवं मोहल्लों में लोगों को सजग किया।

कोरोना महामारी के कारण हार्ट के मरीजों को पहले से अधिक नुकसान हो रहा है, क्योंकि इस महामारी के कारण न तो बाहर निकल रहे हैं। और न ही मॉर्निंग वॉक में जा पा रहे हैं। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रो. अजय कुमार पटेल विभागाध्यक्ष होम साइंस ने कहा, अब लोगों को कम से कम आधे घंटे की एक्सरसाइज करनी चाहिए। थोड़ा बाहर घूमना चाहिए लेकिन कोविड से बचने के उपाय के साथ, नमक, चीनी और ट्रांस फैट वाली चीजें खाने से बचें। दूध, हरी सब्जियां, अंकुरित चने, सलाद, फल और विटामिंस के बहुत अच्छे स्रोत हैं। महाविद्यालय से डॉ. क्षमा ठाकुर, मनीषा नाग एवं राजकुमारी गढ़पाले ने वॉकिंग साइक्लिंग और लिफ्ट की जगह सीढ़ियों के इस्तेमाल करने की आदत डालनी पर बल दिया। होम साइंस एवं एनएसएस ग्रुप लीडर छात्रा कांकेर से हीना साहू, प्रियंका साहू के नेतृत्व में हार्ट के प्रति जागरुकता के लिए निहारिका ठाकुर बैजनपुरी, आंचल टेकाम, आकांक्षा, मीनाक्षी बागोड, गीतिका साहू बालोद, रीना तारम, तृप्ति रजक टेलगरा, प्रतिमा ओरिया कोरर, रंजना दुर्गेश्वरी कांकेर, माधुरी उसेंडी गुमड़ी दुर्गूकोंदल, शिवरानी शोरी, माधुरी पटेल बाबू सल्हेटोला में जागरुकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान डा. डीएल पटेल, कार्यक्रम समन्वयक एवं डॉ. आएशा कुरैशी जिला संगठक रासेयो ने प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं दी।




शासकीय
इंदरू केंवट कन्या



**पहल :** ग्राम तारसगांव और शाहवाड़ा में चला जागरुकता कार्यक्रम

# कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने साबुन से हाथ धोने का बताया फायदा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**कांकेर.** शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय द्वारा 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवाशिंग-डे पर कोविड-19 प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सबसे प्रभावी उपाय साबुन से हाथ धोने, मास्क पहनने, फिजिकल डिस्टेंस में दो गज की दूरी बनाए की लोगों को सलाह दी। ग्राम तारसगांव एवं शाहवाड़ा में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्रुप लीडर छात्रा कीर्तिका साहू, ओम्बिका रामटेके व येमलता पटेल के नेतृत्व में एनएसएस ने तारसगांव में हैंड हाइजीन फॉर आल की थीम पर हाथ धोने के प्रभावी तरीकों का डेमो दिखाया। साबुन, मास्क एवं सैनिटाइजर और स्वच्छता के महत्व, जल संरक्षण, अच्छा पोषण, हाथ धोने के फायदे व सरकारी नियमों के पालन करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सीआर पटेल ने कहा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और विकास एक दूसरे के पर्याय हैं। स्वच्छ वातावरण में ही जन समुदाय विकास की अवधारणा को फलीभूत कर सकता है।




जागरुकता : राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रुप लीडर की छात्राएं लोगों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करते हुए।

कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया कि इस दिवस के माध्यम से पूरी दुनिया में हाथ धुलाई के प्रति लोगों में जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। कोविड-19 ने हमें सिखाया है कि इस ओर अब और ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। सर्वे रिपोर्ट मुताबिक पांच साल से कम उम्र के लगभग 1.8 मिलियन बच्चों की हर साल डायरिया और निमोनिया से मौत होती है। गंदगी की वजह से बच्चों में जुकाम, आंखों में संक्रमण, सांस रोग, त्वचा रोग, कुपोषणए एनीमिया आदि गंदे हाथ साफ न करने की वजह से फैलने वाली बीमारी हैं। ग्राम तारसगांव में हाथ धुलाई कार्यक्रम में सरपंच गिरवर सिंह शोरी के आतिथ्य में एवं ग्राम शाहवाड़ा में उपसरपंच जयंतलाल मंडावी आतिथ्य में किया गया। समर्थन में कांकेर से राजेन्द्र शोरी, दशरथ सिन्हा, कांति साहू के मार्गदर्शन में मितानीन और एनएसएस कैडेट्स ने मिलकर डोर तो डोर सघन सर्वे किया। स्वच्छता सर्वे में कोडिंग भी किया गया। घर के बाहर बाल्टी, मग्गा और साबुन रखा गया है। घर के दीवाल पर हरे रंग का राइट निशान बने हैं। सर्दी, खांसी, बुखार के सर्वे कर व पीड़ितों को विशेष चिन्हांकित कर उनको उचित निर्देश प्रदान किया गया। इस दौरान बृजलाल साव कार्यक्रम अधिकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारसगांव के निर्देशन में एनएसएस छात्र-छात्राओं ने हाथ धुलाई थीम पर रंगोली का आयोजन किया था। जिला प्रशासन एवं स्वच्छ भारत मिशन द्वारा जारी स्वच्छता के पांच सूत्र भी बताए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम तारसगांव से उपसरपंच मन्नूराम शोरी, सचिव देवराज साहू, आनंद सिंह निषाद, रिंकू रॉय, पद्मिनी कुमेटी, गीता शोरी एवं ग्राम शाहवाड़ा से सरपंच साधना कोड़ोपी, सचिव सुरोत जुर्री, गणमान्य नागरिक नाथूराम कोड़ोपी, हिरमोबाई निषाद, देवंतीन साहू, लीला कोड़ोपी, नादिरा कोड़ोपी, गजेंद्र कुंजाम, धनंजय मेश्राम, शकुंतला कवाची, पुष्पा गनवीरे, अनुराधा मेश्राम, अनिता रामटेके सहित कॉलेज की एलुमिनी छात्राओं नादिरा मंडावी, खिलेन्द्री कश्यप, रेखा सोम, स्थानीय स्कूल के टीचर्सए मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।





कार्यालय
ग्राम पंचायत शाहवाड़ा
राष्ट्रीय सेवा योजना



राष्ट्रीय सेवा योजना
विश्व एड्स दिवस
नेहरू युवा केन्द्र-कांकेर (छ.ग.)
WORLD AIDS DAY




# होम साइंस कन्या कॉलेज काँकेर ने चलाया ओमीक्रॉन कोरोना के प्रति जागरूकता अभियान

**काँकेर,15 दिसम्बर 2021**
**@ loksadan.com**



शासकीय इंदरु केंवट कन्या महाविद्यालय काँकेर के गृह विज्ञान विभाग, रेड रिबन क्लब के वालंटियर्स द्वारा दुनियाभर में तेजी से फैल रहे कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रॉन के प्रति लोगों को वैक्सीनेशन लगाने को प्रेरित करते हुए कोरोना से बचने के लिए जागरूक और सचेत कर रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सी.आर. पटेल के निर्देशन में महाविद्यालयों में छात्राओं को वर्कशॉप के माध्यम से व छात्राएं अपने-अपने गाँव, गली-मोहल्ले में लोगों को शत प्रतिशत टीकाकरण कराने, कोरोना के नए वेरिएंट से लोगों को बचाव हेतु पोस्टर, घर-घर भ्रमण व युवा व महिला मंडल, मितानिन-आंगनवाड़ी के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं। होम साइंस विभाग से प्रो.अजय कुमार पटेल ने बताया कि इस नए वेरिएंट को बेहद संक्रामक माना जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस वेरिएंट को 'वैरिएंट ऑफ कंसर्न' माना जा रहा है। वैक्सीनटेड लोगों को भी सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है कोविड-19 का ओमीक्रॉन वैरिएंट रोगियों में अपरीचित लक्षण पैदा करता है, जैसे- लगातार थकावट, बदन दर्द, तेज सिरदर्द, कमजोरी, गले में खराश इत्यादि लक्षण दिखाई दे रहे हैं, जो दूसरी लहर में पाए गए लक्षणों से बिल्कुल भिन्न है।

प्रो.पटेल ने साथ ही कहा कि वालंटियर्स के माध्यम से आम लोगों को गर्म एवं ताजा खाना खाने, गर्म पानी का उपयोग करने, संतुलित और सुपाच्य आहार लेने, प्रोटीन व विटामिन्स युक्त सब्जियों व फल का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। लाइब्रेरी विभाग से डॉ.क्षमा ठाकुर ने बताया कि हमारे छात्राएं कोविड-19 से बचने के लिए वैक्सीनेशन पर जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि नए स्ट्रेन से बचने के लिए सावधानी अब भी जरूरी है। सामाजिक दूरी बनाए रखें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहने रहें। भीड़भाड़ वाली सामूहिक जगहों पर अच्छा वेंटिलेशन हो, इसका ध्यान रखें। इसके अलावा नियमित रूप से हाथों और सतहों को धोने की अब भी जरूरत है। डॉ. वंदना विश्वकर्मा ने कॉलेज छात्राओं और लोगों को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार चिन्हांकित वैक्सीन का अपने शेड्यूल के अनुसार शत- प्रतिशत पूर्ण करने को प्रेरित किया।

महाविद्यालय स्टॉफ प्रो.मनोज कुमार, प्रो.प्रीति पटेल, प्रो.दीप्ति सोनी, प्रो.गायत्री मेश्राम, प्रो.जी.एस.बघेल, मनीषा नाग, यामिनी कौशिक छात्राओं को प्रेरित व जागरूक कर उनको इस जागरूकता अभियान से जोड़ रहे हैं। यूथ लीडर्स रिंकी दीवान, अनामिका कौशिक, कीर्ति कुंजाम, गीतिका साहू, लेखनी कुंजाम, योगिता मानेश्वरी, डिंपल इत्यादि के द्वारा विभिन्न प्रकार-प्रचार तकनीकियों के माध्यम से लोगों को कोरोना के नए वेरिएंट के प्रति जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है।




मास्क
सेनेटाइजर
हाथ धोएंगे




कार्यालय
ग्राम पंचायत शाहवाड़ा
राष्ट्रीय सेवा योजना
महाविद्यालय